वी.यू. का रशिया के विश्वविद्यालय से करार

नानाजी देशमुख पशुचिकित्सा विज्ञान विश्वविद्यालय के यशस्वी कुलपति जी के अथक प्रयासों के पश्चात विश्वविद्यालय अंतराष्ट्रीय स्तर पर जुड़ने जा रहा है। इस बार यह समझौता नानाजी देशमुख पशु चिकित्सा विज्ञान विश्वविद्यालय जबलपुर मध्य प्रदेश का नोवोसिबिरस्क स्टेट एग्रीकल्चर विश्वविद्यालय रशिया से किया जा रहा है। जिस हेतु एन. एस.ए.यू. रशिया के डेलिगेट्स संस्कारधानी पहुंचे हैं। जिसमें यूनिवर्सिटी के एकेडमिक वाइस रेक्टर डॉ. वलादिसलैव बाबिन तथा वैज्ञानिक एवं अंतरराष्ट्रीय कार्य के वाइस रेक्टर प्रोफेसर एवगैनी कैमलदिनोंव हैं।

वेटरनरी विश्वविद्यालय में कुलपति डॉ. सीता प्रसाद तिवारी ने उनका गर्मजोशी से पुष्पगुच्छ, शॉल, श्रीफल तथा स्मृति चिन्ह प्रदान कर स्वागत किया। तत्पश्चात संचालक अनुसंधान सेवाएं डॉक्टर मधु स्वामी ने विश्वविद्यालय का एक संक्षिप्त परिचय सभी उपस्थित जनों के सामने प्रस्तुत किया। कुलपति डॉ. सीता प्रसाद तिवारी एवं प्रो. एवगैनी कामलदिनोव ने दोनों देश के विश्वविद्यालयो के बीच साझा समझोते पर हस्ताक्षर किए। तदुपरांत रशिया यूनिवर्सिटी के डॉ. बॉबीन ने यूनिवर्सिटी के बारे में पावर पॉइंट प्रेजेंटेशन के माध्यम से सभी को अवगत कराया तथा खुशी जाहिर की कि यह बहुत ही अच्छा मौका है कि जब हम नानाजी देशमुख पशु चिकित्सा विज्ञान विश्वविद्यालय के साथ में एक एम.ओ.यू. साइन कर रहे हैं, जिससे निश्चित ही दोनों देशों को शिक्षा अनुसंधान के क्षेत्र में मजबूती मिलेगी। इसके पश्चात कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे माननीय कुलपति डॉक्टर सीता प्रसाद तिवारी जी ने अपने उद्बोधन में भारत और रशिया की गहरी दोस्ती की बात रखते हुए कहां की दोनों देश आपस में

कई महत्वपूर्ण कार्य कर रहे हैं और यह हमारे लिए सौभाग्य की बात है कि आज हम रशिया की यूनिवर्सिटी के साथ में शिक्षा अनुसंधान एवं विस्तार के क्षेत्र में कार्य करने जा रहे हैं जिससे कि हमारे छात्र–छात्राओं, फैकल्टी को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर कार्य कर नए आयाम स्थापित करें। कुलपति महोदय ने दोनों देशों के बीच सम्मिलित रूप से वैज्ञानिक सम्मेलन, संगोष्ठी तथा अंतरराष्ट्रीय स्तर पर मिलकर परियोजना कार्य तथा वैज्ञानिक प्रकाशन करने की बात कही जिससे दोनों देश पशु चिकित्सा एवं पशुपालन के क्षेत्र में अग्रसर हो अच्छा कार्य कर सकें। इस कार्यक्रम में कुलसचिव डॉ. श्रीकांत जोशी, संचालक अनुसंधान सेवाएं डॉ. मधु स्वामी, संचालक शिक्षण एस.एस. तोमर अधिष्ठाता पशु चिकित्सा एवं पशुपालन महाविद्यालय डॉ. आर.के. शर्मा, संचालक प्रक्षेत्र डॉ. जी.पी. लखानी, विस्तार शिक्षण डॉक्टर सुनील नायक, डॉ. जी. दास, संचालक वन्य जीव डॉ. शोभा जावरे, डॉ. एस.एस. कारमोरे, डी. एस. डब्लू. डॉ. आदित्य मिश्रा, डॉ. बी रॉय, डॉ. एस घोष, सूचना एवं जनसंपर्क अधिकारी डॉ. सोना दुबे, डॉ. गोयल, डॉ. हरी आर, डॉ. आर पी सिंह, डॉ. राजकुमार पटेल की उपस्थिति उल्लेखनीय रही। कार्यक्रम का सफल संचालन डॉ. अक्षय गर्ग द्वारा किया गया।

सूचना एवं जनसंपर्क अधिकारी
न.दे.प.चि.वि.वि., जबलपुर